समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# भारतीय सेना ने पाकिस्तान मे तंबाह किए आतंकी लॉन्च पैड, जारी किया ऑपरेशन सिंदूर का एक और वीडियो।

Publisher Published on 10 May 2025



## भारतीय सेना ने 08 और 09 मई 2025 की रात नियंत्रण रेखा के पास आतंकवादी लॉन्चपैड्स को नष्ट कर दिया. ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई इस निर्णायक कार्रवाई से आतंकियों की कमर टूट गई है.

भारतीय सेना ने आतंकवादी लॉन्चपैड्स को नष्ट कर दिया है. ये कार्रवाई 08 और 09 मई 2025 की रात को की गई, जब पाकिस्तानी सेना जम्मू और कश्मीर और पंजाब के कई शहरों में ड्रोन हमलों की नापाक कोशिश कर रही थी. भारतीय सेना ने आतंकवादी लॉन्चपैड्स पर संभावित हमला किया. उन्हें नष्ट कर दिया और राख कर दिया. नियंत्रण रेखा के करीब स्थित आतंकवादी लॉन्चपैड अतीत में भारतीय नागरिकों और सुरक्षा बलों के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने का केंद्र थे. भारतीय सेना की त्वरित और निर्णायक कार्रवाई ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे और क्षमताओं को एक बड़ा झटका दिया है.

इस कार्रवाई के बाद पाकिस्तान की ओर से डिप्लोमैटिक बयानबाज़ी और झूठे दावे सामने आए, जिनमें उन्होंने भारत पर “नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने” का आरोप लगाया. लेकिन भारत की ओर से बार-बार स्पष्ट किया गया है कि भारतीय सेना केवल आतंकवादियों के खिलाफ और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत काम कर रही है। किसी नागरिक या गैर-सैन्य ठिकाने को नुकसान नहीं पहुंचाया गया.

ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमला गलत

सरकार ने भारत की तरफ से पाकिस्तान में ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमला किए जाने के दावों को शनिवार (10 मई) को खारिज कर दिया. PIB की 'फैक्ट चेक' यूनिट ने कहा, ''सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में दावा किया जा रहा है कि भारत ने ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमला किया है. यह दावा पूरी तरह से फर्जी है.' उसने कहा कि इस तरह की सामग्री भारत में सांप्रदायिक नफरत पैदा करने के लिए प्रसारित की जा रही है. ननकाना साहिब सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक का जन्मस्थान है और यह गुरुद्वारा सिखों के लिए एक पूजनीय स्थल है.

https://samacharwani.com/wp-content/uploads/2025/05/x-downloader.com_De3ZWt.mp4

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.